प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील तथा नामीबिया की यात्रा पर।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आया है।
- प्रदेश में गिव अप अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से नाम वापस लेने की तारीख 31 अगस्त तक बढ़ाई गई।
- राज्य में अधिकांश स्थानों पर सक्रिय मानसून से बरसात का दौर जारी–दक्षिणी पूर्वी हिस्सों में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पांच देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील तथा नामीबिया की यात्रा पर रवाना होंगे। पहले चरण में प्रधानमंत्री घाना जाएंगे। यह उनकी घाना की पहली यात्रा होगी। श्री मोदी वहां के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से बातचीत करेंगे। दोनों देश मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी कल से त्रिनिदाद और टोबैगो का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के वहां की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने की भी संभावना है। इसके बाद प्रधानमंत्री अर्जेंटीना जाएंगे। वे 5 से 8 जुलाई तक ब्राजील के दौरे पर रहेंगे और 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025 में भाग लेंगे। ये शिखर सम्मेलन रियो डी जेनेरियो में होगा। अपनी यात्रा के अंतिम चरण में श्री मोदी 9 जुलाई को नामीबिया का दौरा करेंगे।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार के लगातार प्रयासों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आया है और वे देशभर में मिसाल बन रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव–ढाणी से कस्बों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं और प्रदेश **निरामय राजस्थान** के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वे कल एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉक्टर्स–डे कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सक्रिय योगदान देने के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

..........................

राज्य सरकार की ओर से सभी जिला अस्पतालों में शुरू किए गए रामाश्रय वार्ड वृद्धजन के लिए स्वास्थ्य का अनुपम उपहार साबित हो रहे हैं। ये वार्ड जनसेवा का एक सार्थक माध्यम बनकर उभरे हैं। अब तक इस मानवीय पहल से करीब 20 लाख बुजुर्ग लाभान्वित हो चुके हैं। एक रिपोर्ट–

....

..........................

प्रदेश में गिव अप अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों को स्वेच्छा से नाम हटवाने की तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। खाद्य विभाग के अनुसार चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये हैं, जिनसे वसूली की कार्यवाही 1 सितंबर से की जायेगी। गौरतलब है कि पिछले साल 1 नवंबर से शुरू हुए गिव अप अभियान के तहत अब तक राज्य में 22 लाख 32 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। इससे राज्य सरकार पर करीब 409 करोड़ रूपये की राशि का वार्षिक वित्तीय भार कम होगा। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस वर्ष प्रदेशभर में 10 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष साढ़े 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर राज्य में रिकॉर्ड बनाया गया है। वे कल अलवर के मोती डूंगरी पार्क में आयोजित 'एक

पेड़ मां के नाम अभियान' के कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया ये अभियान जन–जन का अभियान बन गया है। उन्होंने लोगों से मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इधर प्रदेशभर में भी वन विभाग की ओर से लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए जा रहे हैं तथा उन्हें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कडी में पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया।

..........................

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर सक्रिय मानसून से बरसात का दौर जारी है। झालावाड में सुबह से ही हल्की बरसात हो रही है। बांसवाडा और पाली में देररात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला अभी तक चल रहा है। भरतपुर में बादल छाये हुए है और बूंदाबांदी हो रही है। कल दोपहर बाद हुई तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया जिसे जिला प्रशासन की ओर से पम्प लगाकर निकलवाया गया। ब्यावर में तेज बारिश के कारण कुछ निजी स्कूलों ने बच्चों की छुट्टी की घोषणा कर दी है। बारां में रिमझिम बारिश की झडी लगी हुई है। भीलवाडा के मांडलगढ, बिजोलिया, शाहपुरा, जहाजपुर, गंगापुर, आसिंद, रायला और गुलाबपुरा क्षेत्र में बीती रात से ही अच्छी बरसात के समाचार है।

..........................

अजमेर में मौसम सुहावना बना हुआ है। वहीं हनुमानगढ में दिनभर तेज उमस के बाद दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। इसके साथ ही घग्गर नदी में पानी की आवक शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी भागों में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। भीलवाडा, चित्तौडगढ, प्रतापगढ, पाली और अजमेर जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में भी आज से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूर्वी भागों में अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान है।

..........................

पाली के जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र में चल रहा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर कल सम्पन्न हो गया। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की ओर से लगाये गये इस शिविर में 12 से 18 वर्ष आयुवर्ग के खिलाडियों को 9 खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, योग, बास्केट बॉल, बेडमिंटन, कुश्ती और बॉक्सिंग शामिल है।

..........................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से मलहार महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। तीन दिन के इस उत्सव में वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इस दौरान बांसुरी, सारंगी, संतूर और वायलिन वादन किया जायेगा। अंतिम दिन कथक की प्रस्तुति होगी। वहीं राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इंडिया कन्टेम्पररी आर्ट थीम पर कैम्प लगाया गया है। इसमें 5 जुलाई तक देश के जानेमाने पेन्टर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इनमें पद्मभूषण जतिन दास सहित 6 अन्य कलाकार शामिल हैं।

..........................